गोला-ओरमांझी एक्सप्रेस-वे

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी एस. के. मिश्रा ने बताया कि बोकारो से गोला-ओरमांझी एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिये जल्द ही एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जारी किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- मिश्रा ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण **(NHAI)** ने अपनी सारी प्रक्रिया पूरी कर भारत सरकार को भेज दी है। जल्द ही इसके निर्माण का टेंडर नई दिल्ली स्थित एनएचएआई मुख्यालय द्वारा जारी किया जाएगा।
- बोकारो से गोला और गोला से ओरमांझी तक सड़क बनाने में करीब 1700 करोड़ रुपए खर्च होंगे। दोनों खंडों के लिये अलग-अलग पैकेज में निविदा जारी की जाएगी।
- यह राज्य का पहला वास्तविक एक्सप्रेस-वे होगा, जो वर्तमान ओरमांझी-सिकीदरी-गोला, बोकारो रोड के आसपास होगा, लेकिन पूरी तरह से अलग होगा। इस पर ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट के तहत काम किया जा रहा है।
- इस महत्त्वपूर्ण एक्सप्रेस-वे को बनाने के लिये एनएचएआई ने कार्ययोजना तैयार की है। ओरमांझी, राँची में पुडांग टोल प्लाजा से करीब एक किमी पहले यह सड़क सिकीदरी-गोला की ओर निकलकर सिकीदरी रोड से भी जुड़ेगी।
- इस सड़क का निर्माण बोकारो में जैनमोर के पास से किया जाएगा, जो गोला की ओर जाएगी। रोड में सर्विस लेन भी बनेगी। इस सड़क पर बड़े मालवाहक वाहनों के चालकों के लिये विश्राम गृह भी बनाए जाएंगे। एक्सप्रेस-वे के बनने से भारी वाहन चालकों के साथ-साथ निजी वाहन लेने वालों को भी बेहतर सड़क पर चलने का विकल्प मिलेगा।
- इससे ओरमांझी, सिकीदरी-गोला-बोकारो मार्ग पर वाहनों का बोझ भी कम होगा तथा लोग टोल देकर अच्छी सड़क पर यात्रा कर सकेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gola-ormanjhi-expressway